RNI NO. : RJHIN/26/A2554

पाक्षिक

# खबर आस-पास

आप भी भेज सकते है खबर
Email :- khabarass-pass@gmail.com
Mo. +91 95875 70001

वर्ष - 01 | अंक-01 | पृष्ठ-4 | दिनांक : 01 मई 2026 | मूल्य : 100 रूपए वार्षिक | बीकानेर

## भगवान नृसिंह जयंती पर विभिन्न स्थानों पर, उत्सव व लीलाएं व मेले, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी



**खबर आर-पास, बीकानेर।** भगवान नृसिंह जयंती पर शहर के विभिन्न स्थानों के उनके विभिन्न स्थानों के मंदिर में अभिषेक, पूजन व भक्ति संगीत के आयोजन हुए। अनेक स्थानें पर नृसिंह लीलाएं हुई। गर्मी से तरबतर होते हुए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ नृसिंह लीला व मेला स्थल पर मौजूद थी। मंदिरों के पास पंचामृत, आइसक्रीम व शीतलजल व शरबत की निःशुल्क सेवाएं की गई। विधायक जेठानंद व्यास ने भाजपा नेताओं के साथ विभिन्न स्थानों की नृसिंह लीलाओं में भागीदारी निभाई। डागा चौक के भगवान नृसिंह मंदिर में नृसिंह लीला का शताब्दी वर्ष पर विशेष उत्सव हुआ। लमोटियों का चौक, दम्माणी चौक, नत्थूसर गेट के बाहर, नत्थाणियों की सराय में कोडमदेसर भैरव मंदिर के पास, रघुनाथसर कुआं के पास रघुनाथजी के मंदिर के आगे, लालाणी व्यासों के चौक के पास के मनावतों के मोहल्ले, बिन्नाणी चौक की दुजारियों की गली, गोगागेट के अंदर गायत्री माता मंदिर के पास नृसिंह लीलाएं हुई। जस्सूसर गेट के अंदर मोहता परिवार के भगवान नृसिंह मंदिर, जस्सूसर गेट के बाहर मालियों के मोहल्ले के नृसिंहजी के मंदिर में विशेष पूजा, प्रसाद, सत्संग व भक्ति संगीत के कार्यक्रम हुए। नृसिंह लीलाओं में भगवान नृसिंह, हिरणाकश्यप् व भक्त प्रहलाद का स्वरूप् मोहल्ले के ही नागरिकों ने निभाएं । नृसिंह लीला स्थल खानपान की वस्तुओं की अनेक अस्थाई दुकानें लगी थीं।

## उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री शुक्रवार को आएंगे बीकानेर

**खबर आस-पास, बीकानेर।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन विभाग के मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी शुक्रवार को बीकानेर आएंगे। मंत्री श्री गुप्ता सुबह 11ः25 बजे बीकानेर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे इसके पश्चात वे सर्किट हाउस पहुंचने के बाद अल्प विश्राम करेंगे। दोपहर 01.05 बजे श्री गुप्ता सी-67, सादुलगंज स्थित स्वर्गीय शिव रतन अग्रवाल (फन्ना बाबू) के निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे। वे 2 मई को वे प्रातः 11.15 बजे नाल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## ग्राम रथ अभियान: तीसरे दिन 28 ग्राम पंचायतों के 8 हजार से अधिक ग्रामीणों को दी राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

**खबर आस-पास, बीकानेर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर 23 से 25 मई तक जयपुर में होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम) के प्रचार-प्रसार और ग्रामीणों को राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने का अभियान गुरुवार को भी जारी रहा। ग्राम रथ अभियान के तीसरे दिन जिले के पांचों ग्रामीण क्षेत्रों की 28 ग्राम पंचायतों में रथों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रत्येक पंचायत से जनप्रतिनिधियों, कार्मिकों और क्षेत्र के मौजूदा लोगों ने इन रथों को अगली पंचायत के लिए रवाना किया। रथों के साथ लोक कलाकारों के कला जत्थों ने पारंपरिक तरीके और लोक गीतों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं सभी 13 विभागों के 17 हजार 415 से अधिक प्रचार साहित्य का वितरण किया गया।

**इन ग्राम पंचायतों तक पहुंचे रथ**

अभियान के तहत प्रचार रथ लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोखराणा, खिंयेरा, रोझां, सहनीवाला व कांकड़वाला, कोलायत विधानसभा क्षेत्र के गोडू, रणजीतपुरा, गज्जेवाला, राववाला, बरसलपुर व भूरासर, श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कल्याणसर नया, जाखासर, सोनियासर मीठिया, सोनियासर शिवदान सिंह व कुनपालसर, खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के अमरपुरा, भानीपुरा, सियासर पंचकोसा, करणीसर भटियान, बराला व मोतीगढ़, नोखा विधानसभा क्षेत्र के ढ़िगसरी, रातडिया, धरनोक, साईसर, नाथुसर एवं पांचू ग्राम पंचायत पहुंचे। सभी 28 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कुल 8456 ग्रामीणों (पुरुष एवं महिला) ने सहभागिता की। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के आवेदन भी करवाए गए।


## जिला कलेक्टर ने कांकड़वाला में ग्राम रथ अभियान का किया निरीक्षण

# रात्रि चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**खबर आर-पास, बीकानेर।** जिला कलेक्टर निशांत जैन ने गुरुवार को लूणकरणसर की कांकड़वाला ग्राम पंचायत में ग्राम रथ अभियान का अवलोकन किया तथा यहां आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन की समस्याएं सुनी। जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जयपुर में 23 से 25 मई तक होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट 'ग्राम-2026' और ग्रामीण हित से जुड़ी योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए पंद्रह दिवसीय ग्राम रथ अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक ग्रामीण इन योजनाओं की जानकारी लें तथा इनका लाभ उठाएं। उन्होंने कला जत्थों द्वारा किए गए नुक्कड़ नाटक का अवलोकन किया तथा उपखंड अधिकारी को निर्देश दिए कि निर्धारित रूट के अनुसार सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी इनका अवलोकन करें तथा 'डे प्रभारी'नियमित रूप से रथ के साथ रहे। उन्होंने बताया कि यह रथ 12 मई तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में योजनाओं की जानकारी देगें।

**ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठे जिला कलेक्टर, सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश**

जिला कलेक्टर ने काकड़वाला में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठक उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान 23 समस्याएं प्राप्त हुई। जिनमें चक 4 सीएचएम से महात्मा गांधी विद्यालय 2 सीएचएम तक डामर सड़क निर्माण, पोषाहार निर्माण मानदेय वृद्धि, पेयजल डिग्गियों की सफाई, जल जीवन मिशन के कार्य करवाने, चक



7-10 जीएसएम का सही परिसीमन करवाने, काकड़वाला स्कूल में जीव विज्ञान और कृषि विज्ञान संकाय प्रारंभ करने, स्कूल में शिक्षक लगाने, दिव्यांग प्रमाण पत्र दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा कृषि फसल बीमा का लाभ दिलाने, उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत करने और वन्य जीवों के लिए पेयजल की व्यवस्था करने जैसी समस्याएं रखीं। जिला कलेक्टर ने सभी समस्याओं का नियमसम्मत और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान लूणकरणसर उपखंड अधिकारी श्री दयानंद रुयाल, तहसीलदार श्री विनोद कुमार चौधरी, विकास अधिकारी श्री किशोर कुमार, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री मदन लाल, सहायक निदेशक (उद्यानिकी) श्री मुकेश गहलोत, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक श्री बीरमाराम, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता श्री राजेंद्र मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ. अरविंद आचार्य, कृषि अधिकारी श्री रमेश भांभू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**निर्माणाधीन उप जिला अस्पताल भवन का किया निरीक्षण**

जिला कलेक्टर ने लूणकरणसर में निर्माणाधीन उप जिला अस्पताल कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समयबद्ध करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी और ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इसका नियमित निरक्षण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने उपखंड अधिकारी और पंचायत समिति कार्यालय का निरीक्षण भी किया। यहां की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। पत्रावलियों के बारे में जाना। आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## सम्पादकीय

# तेल खरीद का खुला रास्ता

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओपेक और ओपेक प्लस से अलगाव की घोषणा की है, तो भारत के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति का एक और निश्चित मार्ग खुल गया है। यदि 1 मई को यूएई ओपेक से अलग हो जाता है, तो अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में प्रतिस्पर्द्धा की नई शुरुआत होगी, नतीजतन तेल की कीमतें भी गिरेंगी। ओपेक तेल उत्पादक और निर्यातक देशों का संगठन है। फिलहाल सऊदी अरब उसका नेतृत्व कर रहा है। करीब 59 साल उसका हिस्सा बने रहने के बाद यूएई ने अलग होने का फैसला किया है। उसके कई कारण हैं। ईरान युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पर ईरान की नाकेबंदी ने खासकर एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमरीका के देशों में गंभीर ऊर्जा-संकट पैदा कर दिया है। ऐसे में यूएई का फैसला कमोबेश भारत के लिए वरदान-सा है। फिलहाल भारत करीब 140 अरब डॉलर का तेल सालाना खरीदता है। यदि तेल के दाम 1 डॉलर कम होते हैं, तो भारत का आयात बिल 10,000 करोड़ रुपए कम हो जाता है। यूएई के फैसले पर अमल किया जाता है, तो भारत सालाना 50,000 करोड़ रुपए से 1 लाख करोड़ रुपए तक की बचत कर सकता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि यूएई स्वतंत्र रूप से, तेल की कितनी भी मात्रा, भारत को निर्यात कर सकेगा और वह आपूर्ति निर्बाध भी होगी, क्योंकि रास्ता होर्मुज से अलग होगा। भारत अभी सबसे अधिक 15.7 लाख बैरल तेल हररोज रूस से खरीद रहा है। हमारी तेल की जरूरतों में यह रूस की 38 फीसदी से अधिक की हिस्सेदारी है। सऊदी अरब से औसतन 6.22 लाख बैरल कच्चा तेल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 4.35 लाख बैरल तेल हररोज खरीदा जा रहा है। भारत इतना विशाल देश है और उसकी आबादी 147 करोड़ से अधिक, विश्व में सर्वाधिक, है, लिहाजा हमारी तेल-जरूरतें भी व्यापक हैं। रूस, सऊदी, यूएई के अलावा, भारत को अमरीका, अल्जीरिया, अंगोला, कनाडा आदि देशों से भी कच्चा तेल आयात करना पड़ रहा है। भारत 35-50 फीसदी तेल होर्मुज के रास्ते आयात करता रहा है। करीब 42 फीसदी एलएनजी और 88 फीसदी एलपीजी का आयात भी होर्मुज के रास्ते ही होता रहा है। ईरान युद्ध के बावजूद होर्मुज के रास्ते करीब 40 लाख बैरल ईरानी तेल और अन्य टैंकर भारत पहुंचे हैं। भारत को निरंतर और निर्बाध तेल के आयात की जरूरत है, लिहाजा यूएई ओपेक से अलगाव के बाद जैसे ही अपनी तेल-नीति तय करती है, तो उसमें भारत जैसे 'रणनीतिक साझेदार' देश के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। भुगतान की शर्तें भी लचीली हो सकती हैं और खरीद भारतीय मुद्रा 'रुपए' में हो सकती है। ईरान युद्ध के दौरान जब यूएई के तेल ठिकानों और रिफाइनरियों पर हमले किए गए और होर्मुज बंद किए जाने से सप्लाई चेन बाधित हुई, तो उस दौर में ओपेक यूएई के लिए 'सुरक्षा-कवच' साबित नहीं हो पाया। सऊदी के साथ तीखी बहसें जारी रहीं, क्योंकि यूएई अपना कोटा बढ़ाने की लगातार मांग कर रहा था और सऊदी उसे खारिज करता रहा था। ओपेक में रहते हुए यूएई अपनी क्षमता का 60-65 फीसदी ही तेल बेच पा रहा था। उत्पादन काफी था और भंडारण सीमित था। अब अलगाव के बाद यूएई अधिक तेल बेच पाएगा और ज्यादा कमाई कर मुनाफा भी हासिल कर सकेगा। भारत के लिए यह शुभ और सीधा-सपाट रास्ता है, क्योंकि अब अबू धाबी क्रूड ऑयल पाइपलाइन से होते हुए सीधा फुजैरा बंदरगाह तक पहुंचेगा। फुजैरा ओमान खाड़ी के तट पर है। वहां से तेल टैंकर सीधे अरब सागर में जाएंगे। होर्मुज पार करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। वहां से भारत के पश्चिमी तट की बंदरगाह बहुत दूर नहीं है। यह वैश्विक ऊर्जा राजनीति के लिए भी सकारात्मक संकेत है। दरअसल ओपेक एक 'कार्टेल' है, जो तेल की सप्लाई घटा कर कीमतें ज्यादा रखता है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप लंबे समय से इसकी आलोचना करते रहे हैं। उनका आरोप है कि ओपेक तेल महंगा कर दुनिया को लूट रहा है। अब यूएई के इससे अलग होने के बाद तेल की कीमतें 5-10 डॉलर प्रति बैरल कम भी हो सकती हैं। यूएई से आपूर्ति बढ़ने पर भारत के विकल्प भी बढ़ सकते हैं और वह किसी भी स्थिति में, किसी एक देश, के दबाव में नहीं रहेगा। बहरहाल, तेल की कीमतें बढ़ने पर अन्य वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ जाती हैं।

# शिक्षामंत्री ने ली प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा की समीक्षा बैठक, सभी प्रकार के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के दिये निर्देश



**खबर आस-पास, जयपुर।** शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को शिक्षा संकुल में प्रारंभिक व माध्यमिक शिक्षा की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने गैर सरकारी विद्यालयों के मान्यता/क्रमोन्नति के लंबित प्रकरण, महिला कार्मिकों या छात्राओं के उत्पीड़न से संबंधित प्रकरण, 16 सीसीए प्रकरण, एसीबी व पुलिस जांच के प्रकरण, भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी प्रकरण आदि की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली व लंबित प्रकरणों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। शिक्षामंत्री ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परीक्षा परिणाम व प्रवेशोत्सव की भी समीक्षा की। विभाग की ओर से इस वर्ष चार दिवसीय सघन हाउस होल्ड सर्वे व प्रवेशोत्सव के परिणामस्वरूप अब तक राजकीय विद्यालयों में हुए 69 लाख से अधिक नामांकन पर उन्होंने संतोष जताते हुए विभाग को बधाई दी। उन्होंने आगामी समय में आयोजित होने वाले पौधारोपण कार्यक्रम को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा श्री राजेश यादव ने शिक्षामंत्री को विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी। निदेशक माध्यमिक व प्रारंभिक शिक्षा श्री सीताराम जाट ने निदेशालय की ओर से लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक व आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, संयुक्त सचिव श्री महेन्द्र खींची, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक प्रथम श्रीमती सीमा शर्मा, द्वितीय श्री अशोक कुमार मीणा सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तर पश्चिम रेलवे कैशलैस भुगतान का प्रचलन बढ़ा, यात्री टिकट के लिए कर रहे ऐप का उपयोग



**खबर आस-पास, जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेलवे टिकट, पार्सलए रिटायरिंग रूम, गुड्स एवं अन्य सभी भुगतान के लिए ऑनलाइन डिजिटल भुगतान का प्रचलन बढ़ा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी श्री अमित सुदर्शन ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लंबी भीड़ से निजात दिलाने और डिजिटल इंडिया की तरफ एक और कदम बढ़ाते हुए अब रेलवे स्टेशनों पर अनारक्षित टिकट काउंटरों, पार्सल कार्यालयों इत्यादि में भी ऑनलाइन डिजिटल भुगतान लिए डायनामिक क्यूआर कोड कमीशन किया गया है। यह सुविधा टिकट खिड़की पर मिलने से टिकट काउंटर पर टिकट लेने जा रहे लोगों को काफी राहत मिल रही है। सभी प्रमुख स्टेशनों के आरक्षण टिकट काउंटरों पर पीओएस मशीनों द्वारा टिकट बिक्री की सुविधा पहले से ही उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रमुख स्टेशनों पर एटीवीएम द्वारा डिजिटल माध्यम से अनारक्षित टिकिट की सुविधा भी है। यूपीआई के जरिए डिजिटल पेमेंट से लोगों को खुले पैसे की परेशानी से निजात मिलने के साथ ही डिजिटल पेमेंट के जरिए कम समय में लोगों को टिकट मिल रहा है, जो कि पूरी तरह से पारदर्शिता को भी बढ़ावा दे रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अमिताभ के कुशल दिशा निर्देशन में बुकिंग खिड़कियों पर डिजिटल भुगतान हेतु 603 लोकेशन पर डायनामिक क्यूआर कोड कमिशनिंग कर लिया गया है। इस नई व्यवस्था से लोग रेलवे स्टेशन पर मौजूद टिकट काउंटर पर भी क्यूअर कोड के जरिए पेमेंट कर रहे हैं। इसमें पेटीएम, गूगल पे और फोन पे जैसे प्रमुख यूपीआई मोड से भुगतान किया जा सकता है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर ऑन लाइन पेमेन्ट के लिए सभी आरक्षित, अनारक्षित काउंटर तथा समस्त पार्सल कार्यालयों में क्यूआर कोड की सुविधा उपलब्ध हैएजिससे डिजीटल भुगतान में वृद्धि हुई है। डिजीटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा सोशल मीडिया और रेलवे स्टाफ के माध्यम से यात्रियों को प्रोत्साहित करने के विभिन्न माध्यमो से निरंतर प्रयास किये जा रहे है। रेल यात्रियों को सुविधापूर्वक टिकट उपलब्ध हो सके इसके लिए रेल प्रशासन लगातार प्रयासरत है। आमजन से भी अनुरोध है कि कृपया डिजिटल पेमेंट का अधिक से अधिक उपयोग कर भारतीय रेलवे द्वारा आत्मनिर्भर बनने की दिशा में डिजिटल इंडिया की तरफ किए जा रहे प्रयास में सहयोग करें।

# आर्ट ऑफ लिविंग ने हल्दीराम परिवार के साथ के 'फन्ना बाबू' को दी भजनांजलि

**खबर आस-पास, बीकानेर।** बीकानेर के औद्योगिक जगत के स्तंभ, सुप्रसिद्ध समाजसेवी और बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल के संस्थापक शिवरतन अग्रवाल 'फन्ना बाबू' के असामयिक निधन हो जाने पर आर्ट ऑफ लिविंग के बीकानेर केंद्र द्वारा हल्दीराम परिवार के साथ भावपूर्ण श्रद्धांजलि सत्संग का आयोजन उनके निवास स्थान गुरूवार की शाम को किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो कम्यूनिकेशन के बीकानेर संभाग के समन्वयक गिरिराज खैरीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि फन्ना बाबू न केवल एक सफल उद्यमी थे, बल्कि के मानवीय मूल्यों और सेवा के भी प्रतीक थे। उन्होंने पूरी दुनिया में न केवल बीकानेर का अपितु देश का नाम भी रोशन किया था। वे समाजसेवी के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी अग्रिम पंक्ति में रहकर सहयोगी रहते थे। इस भावपूर्ण श्रद्धांजलि ्र सत्संग में विश्व प्रसिद्ध सुमेरू भजन गायक जितेन्द्र सारस्वत द्वारा अपनी सुमधुर आवाज और भक्ति भाव की भजनांजलि अर्पित की। उन्होंने इस सत्संग के माध्यम से संगीत और ध्यान की तरंगों के बीच दिवंगत आत्मा को सामूहिक 'भावांजलि' अर्पित की। गणेश वंदना से शुरू हुई इस भजनांजलि में सारस्वत ने ऐसे ऐसे भजन प्रस्तुत किए जिन्हें सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो गये। खैरीवाल ने बताया कि इस अवसर पर हल्दीराम परिवार के किशन अग्रवाल, मनोहर लाल अग्रवाल, मधूसुदन अग्रवाल, उनके पुत्र दीपक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में परिवारजन उपस्थित रहे। आर्ट ऑफ लिविंग से रवि कथूरिया, राजेश मुंजाल, राजकुमार भटनागर, साधना सारस्वत, मनमोहन अग्रवाल, कुशाल खत्री, स्वाति शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी सूरजाराम राजपुरोहित, सहायक आयुक्त स्टेट जीएसटी विवेकानन्द आर्य सहित अनेक डिवोटिज एवं नगर के गणमान्य जन उपस्थित रहे और फन्ना बाबू को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




# ऋचा चड्ढा ने फिर से अपने बेली डांस के शौक को जिया; गोवा में पांच दिन का इंटेंसिव कोर्स किया पूरा





बॉलीवुड अभिनेत्री और निर्माता ऋचा चड्ढा एक बार फिर अपने पुराने शौक बेली डांस से जुड़ रही हैं। ऋचा चड्ढा ने इस बार गोवा में पांच दिन का एक खास ट्रेनिंग कोर्स किया, जिससे इस डांस फॉर्म को और गहराई से समझ सकें। कुछ साल पहले, एक फिल्म के लिए खास डांस नंबर की तैयारी के दौरान, ऋचा ने कज़ाखस्तान में इंटरनेशनल एक्सपर्ट ओल्गा मेओस से ट्राइबल बेली डांस सीखा था,जो शुरुआत में सिर्फ एक रोल की तैयारी थी, वह धीरे-धीरे उनका शौक बन गया। यह डांस फॉर्म अपने कठिन कोर वर्क और शरीर के सटीक मूवमेंट्स के लिए जाना जाता है, जिसने उनकी फिटनेस और क्रिएटिव एक्सप्रेशन दोनों में मदद की। बाद में उन्होंने मुंबई की ट्रेनर शैना लेबाना के साथ भी अपनी प्रैक्टिस जारी रखी। लॉकडाउन के दौरान भी ऋचा ने ऑनलाइन क्लासेस के ज़रिए अपनी ट्रेनिंग जारी रखी और डांस से जुड़ी रहीं। बेली डांस के अलावा, वह कथक में भी ट्रेंड हैं और बचपन में करीब 10 साल तक उन्होंने पंडित अभय शंकर मिश्रा से ट्रेनिंग ली है। काम की वजह से कुछ समय के लिए बेली डांस से दूर रहने के बाद, अब ऋचा ने फिर से इस डांस फॉर्म से गहराई से जुड़ने का फैसला किया है। गोवा में किया गया यह कोर्स उनके इस नए सफर की शुरुआत है, जो पूरी तरह उनके अपने शौक और सीखने की चाह से प्रेरित है। अपने इस फैसले के बारे में ऋचा ने कहा, 'डिलीवरी के करीब 6-7 महीने बाद मैंने फिर से डांस शुरू किया। मैंने दीपीका विजय से संपर्क किया, क्योंकि वह बहुत अच्छी टीचर हैं। जो शुरुआत में पोस्टपार्टम फेज में थेरेपी के तौर पर बेली डांस को समझने से शुरू हुआ था, वह अब मेरे लिए एक बड़ा शौक बन गया है। कुछ साल के ब्रेक के बाद मुझे लगा कि मुझे फिर से इसे पूरे मन से सीखना चाहिए। गोवा में किया गया यह कोर्स किसी रोल या परफॉर्मेंस के लिए नहीं है, बल्कि सिर्फ अपने लिए है सीखने, आगे बढ़ने और इस कला से दोबारा प्यार करने के लिए।' इस नए जुनून के साथ ऋचा चड्ढा एक बार फिर यह साबित करती हैं कि उनका सफर सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं है, बल्कि लगातार सीखने, अनुशासन और कला के प्रति उनके प्यार से जुड़ा हुआ है।

# रणवीर सिंह की फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग अगस्त से होगी शुरू



बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग अगस्त 2026 से शुरू होगी। 'धुरंधर' फ्रेंचाइज़ की रिकॉर्ड तोड़ सफलता के बाद अब सभी की नजरें रणवीर सिंह की अगली फिल्म पर हैं। रणवीर सिंह ने पहले ही निर्देशक जय मेहता की पोस्ट-एपोकैलिप्टिक थ्रिलर 'प्रलय' के लिए हामी भर दी है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रणवीर सिंह और निर्देशक के बीच ÷क्रिएटिव मतभेद÷ के कारण फिल्म में रुकावट आ गई है,लेकिन प्रोडक्शन हाउस से जुड़े एक सूत्र ने इन खबरों को खारिज करते हुए साफ किया कि 'प्रलय' पूरी तरह ट्रैक पर है और इसकी शूटिंग अगस्त 2026 में शुरू होने वाली है। सूत्र ने बताया, फिल्म 'प्रलय' को लेकर किसी भी तरह की अनिश्चितता की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं। रणवीर और जय लगातार चर्चा में हैं और स्क्रिप्ट को पूरी तरह फाइनल कर लिया गया है। फिल्म अब प्री-प्रोडक्शन चरण में पहुंच चुकी है और पूरी टीम भारतीय सिनेमा में पहले कभी न देखे गए भव्य स्तर का निर्माण करने की तैयारी में जुटी है। फिलहाल योजना के अनुसार 'प्रलय' अगस्त 2026 में फ्लोर पर जाएगी। इस फिल्म को एक बड़े स्तर की, वीएफएक्स से भरपूर एक्शन थ्रिलर बताया जा रहा है, जो एक पोस्ट-एपोकैलिप्टिक और डिस्टोपियन दुनिया में आधारित है। 'प्रलय' में ज़ॉम्बी जॉनर को हिंदी सिनेमा में पहले से बिल्कुल अलग अंदाज में पेश किया जाएगा। जय मेहता पिछले साल से इस प्रोजेक्ट पर जुनून के साथ काम कर रहे हैं और इसे करीब 300 करोड़ रुपये के बड़े बजट पर बनाने की योजना है। फिल्म की कहानी जय मेहता और 'लूटेरे' के लेखक विशाल कपूर ने लिखी है। इस फिल्म का निर्माण हंसल मेहता की ट्रू स्टोरी फिल्म्स और रणवीर सिंह की मा कसम फिल्म्स मिलकर, अप्लॉज एंटरटेनमेंट के साथ साझेदारी में कर रहे हैं। रणवीर सिंह 'प्रलय' के जरिए एक बिल्कुल नए और अनछुए क्षेत्र में कदम रखने को लेकर काफी उत्साहित हैं और इस फिल्म में उनका लुक भी पूरी तरह नया होगा। फिलहाल रणवीर ने कोई दूसरी फिल्म साइन नहीं की है, लेकिन वे आदित्य धर के साथ एक और प्रोजेक्ट पर चर्चा कर रहे हैं, जिसे वे 'प्रलय' की शूटिंग पूरी होने के बाद शुरू करना चाहते हैं।

# गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को चार विकेट से हराया




आईपीएल में गुजरात बनाम बेंगलुरू के मुकाबले में गुजरात की ओर से अशरद खान (तीन विकेट), जेसन होल्डर और राशिद खान (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल (43), जॉस बटलर (39) की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 42वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 25 गेंदें शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। गुजरात टाइटंस ने 15.5 ओवर में छह विकेट पर 158 रन बनाकर टूर्नामेंट में अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। वहीं यह आरसीबी की तीसरी हार है। राहुल तेवतिया ने 17 गेंदों में चार चौकों की मदद से नाबाद 27 रनों की मैच विजयी पारी खेली। 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस के लिए साई सुदर्शन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़। तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने साई सुदर्शन (छह) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। पांचवें ओवर में भुवनेश्वर ने शुभमन गिल को आउट कर गुजरात को दूसरा झटका दिया। गिल ने 18 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 43 रनों की पारी खेली। आठवें ओवर में भुवनेश्वर ने जॉस बटलर को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। बटलर ने दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 39 रन बनाये। वॉशिंगटन सुंदर (12) और शाहरुख खान (आठ) को रोमारियो शेफर्ड ने आउट किया। 14वें ओवर में जीत की ओर बढ़ रहीं गुजरात को सुयश शर्मा ने जेसन होल्डर को आउट कर आरसीबी को छठा झटका दिया। जेसन होल्डर ने 10 गेंदों में एक छक्का लगाते हुए 12 रन बनाये। गुजरात टाइटंस ने 15.5 ओवरों में छह विकेट पर 158 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से अपने नाम किया। राशिद खान सात रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने मैच का विजयी चौका लगाया। आरसीबी के लिए भुवनेश्वर कुमार ने तीन विकेट लिये। रोमारियो शेफर्ड को दो विकेट मिले। सुयश शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों ने आरसीबी को 19.2 ओवरों मे 155 रन के स्कोर पर ढेर कर दिया था। गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए जेकब बेथेल और विराट कोहली की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। तीसरे ओवर में मोहम्मद सिराज ने जेकब बेथेल (पांच) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में कगिसो रबाड़ा ने विराट कोहली को आउट कर आरसीबी को दूसरा झटका दिया। विराट कोहली ने 13 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाये। कप्तान रजत पाटीदार (19) को अरशद खान ने आउट किया। इसके बाद गुजरात टाइटंस के गेंदबाजी आक्रमण के आगे आरसीबी की पारी लड़खड़ाती दिखी। जितेश शर्मा (एक), टिम डेविड (नौ), क्रुणाल पांड्या (चार), रोमारियो शेफर्ड (17) रन बनाकर आउट हुये। 14वें ओवर में राशिद खान ने देवदत्त पड़िक्कल को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। पड़िक्कल ने 24 गेंदों में पांच चौके दो छक्के की मदद से 40 रनों की पारी खेली। 20 ओवर की दूसरी गेंद पर अशरद खान ने वैंकटेश अय्यर (12) को आउट किया। अगली ही गेंद पर जॉश हेजलवुड (शून्य) को जॉश बटलर और शुभमन गिल ने रनआउट कर 155 के स्कोर पर आरसीबी की पारी का अंत कर दिया। मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाड़ा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# परमाणु, मिसाइल क्षमता पर समझौता नहीं करेगा ईरान खामेनेई

ईरान के नये सर्वोच्च नेता मोजतबा अली खामेनेई के नाम से जारी एक कठोर संदेश में स्पष्ट कहा गया है कि ईरान अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगा और अमेरिकी दबाव की रणनीतियों के आगे नहीं झुकेगा। टेलीविज़न पर पढ़े गये इस संदेश में कहा है गया कि ईरान की वैज्ञानिक, तकनीकी और सैन्य क्षमताएं केवल रणनीतिक संसाधन नहीं बल्कि राष्ट्रीय पहचान और संप्रभुता की संपत्ति हैं। संदेश में कहा गया, 'नैनो टेक्नोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी से लेकर परमाणु और मिसाइल क्षमताओं तक, ईरान की सभी वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियां राष्ट्रीय संपत्ति हैं, और इन्हें उसी तरह सुरक्षित रखा जाएगा, जैसे देश अपनी भूमि, जल और वायुसीमा की रक्षा करता है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका ईरान पर समुद्री और आर्थिक दबाव बढ़ाने की नीति पर कायम है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन लंबे समय से यह संकेत देता रहा है कि नौसैनिक नाकेबंदी और आर्थिक दबाव के जरिए तेहरान को उसके परमाणु कार्यक्रम और समृद्ध यूरेनियम भंडार पर समझौते के लिए मजबूर किया जा सकता है। ईरान ने सार्वजनिक रूप से ऐसी किसी भी शर्त को अस्वीकार किया है। खामेनेई के संदेश में क्षेत्रीय शक्ति संतुलन पर भी स्पष्ट रुख अपनाया गया। इसमें कहा गया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति अस्थिरता का प्रमुख स्रोत है और क्षेत्रीय सुरक्षा की जिम्मेदारी केवल क्षेत्रीय देशों के हाथ में होनी चाहिए। संदेश में होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की भूमिका को स्थिरता का कारक बताया गया और विदेशी शक्तियों की मौजूदगी को अस्वीकार्य करार दिया गया।

# व्यापार संघ नवनिर्वाचित अध्यक्ष झंवर का किया अभिनंदन



**खबर आस-पास, बीकानेर।** श्रीविजयनगर (गंगानगर) व्यापार संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बनने के बाद बीकानेर पधारे जितेंद्र झंवर का पूर्व यूआईटी चैयरमेन महावीर रांका के कार्यालय में अभिनंदन किया गया। भाजपा नेता महावीर रांका ने अध्यक्ष जितेन्द्र झंवर का साफा व उपरना पहना कर अभिनंदन किया। रमेश भाटी ने बताया कि इस दौरान भारतीय नववर्ष समारोह समिति के अध्यक्ष गणेशमल बोथरा चंद्रेश हर्ष, शंकरसिंह राजपुरोहित, शंभू गहलोत, दाऊलाल छगाणी, नरेंद्र चंचल, शक्ति सिंह सेरूणा, प्रेम गहलोत, लक्की पंवार, प्रणव भोजक, शांतिलाल सेठिया, संजू स्वामी, पवन महनोत, घनश्याम जाजड़ा एवं राजेंद्र किराडू ने झंवर का स्वागत किया।

# गर्मी में शीतल जल की सेवा सजीवनी समान - डॉ. वर्मा



**खबर आस-पास, बीकानेर।** भीषण गर्मी में शीतल जल सेवा प्रदान करना वाकई श्रेष्ठ पुण्य कार्य है। यह बात गुरुवार को एसपी मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने पीबीएम अस्पताल में मर्दाना विभाग के समक्ष श्रीकृष्ण सेवा संस्थान द्वारा संचालित %गंगा द्वार' शीतल जल सेवा के दौरान कही। प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि गर्मी में शीतल जल सेवा सजीवनी की तरह काम करती है और रोजाना हजारों राहगीरों को इससे राहत मिल रही है। अध्यक्ष श्यामसुंदर सोनी ने बताया कि शुक्रवार को 17वें दिन की जल सेवा बैंक ऑफ बड़ौदा रिटायर्ड स्टाफ मंच द्वारा प्रदान की गई। इस दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा के सहायक महाप्रबंधक (उपक्षेत्रीय प्रबंधक) मनोज कुमार, भारतभूषण गुप्ता, कैलाशचंद्र खरखोदिया, मदन शर्मा, मेघराज चावला, प्रवीण चावला, सुरेन्द्र भाटिया, रामचन्द्र सोनी, सुरेश महोबिया, साधना अग्रवाल, दीपक पांडे ने जलसेवा की। वर्तमान सहायक महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि चिलचिलाती धूप में दिनभर चलने वाली यह जल सेवा प्रेरणादायी व पुण्यदायी है। संस्थान के जानकीरमण मिश्रा ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने रिटायर्ड बैंक कर्मियों का तिलक लगाकर सेवा कार्यों के लिए अभिनंदन किया। डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने स्वयं काफी देर तक राहगीरों को जलसेवा प्रदान की।

# अनियमितताएं पाए जाने तीन मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र निलंबित

**खबर आस-पास, बीकानेर।** जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर 3 मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञापत्र निलम्बित किए गए हैं। अनुज्ञापन प्राधिकारी एवं सहायक औषधि नियंत्रक देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि शिव बाड़ी चौराहा स्थित खुशी मेडिकोज का अनुज्ञापत्र 4 से 7 मई तक 4 दिनों के लिए, जयपुर रोड तिलक नगर स्थित गणपति मेडिकल एंड जनरल स्टोर एवं उदासर फांटा के सामने बीकाणा मेडिकल एंड जनरल स्टोर के अनुज्ञापत्र 30 अप्रैल से 9 मई तक 10 दिनों के लिए निलंबित कर दिए गए हैं।

# बामनवाली में 3 मई से बहेगी श्रीमद्भागवत कथा की ज्ञान गंगा, बालसंत श्री भोला बाबा जी करेंगे कथा वाचन




**खबर आस-पास, बीकानेर।** बीकानेर के निकटवर्ती ग्राम बामनवाली में आगामी 3 मई से 9 मई 2026 तक भव्य गौसेवार्थ श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। स्व. खेताराम-गोमती देवी सारस्वा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्रों तोलाराम, बीरुराम एवं भवानीशंकर सारस्वा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का वाचन ऋषिकेष से पधारे बालसंत श्री भोलाबाबाजी द्वारा किया जाएगा। ईको भारत संस्थापक सम्पत सारस्वत बामनवाली ने बताया कि श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर श्री नृसिंहगिरिजी महाराज (तेजरासर) की कृपा से आयोजन का शुभारम्भ तीन मई सुबह आठ बजे कलश यात्रा से होगा। प्रार्थना व नित्य स्तुति 5 बजे एवं प्रभात फेरी 6 बजे निकाली जाएगी। कथा का मुख्य समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। इसके साथ ही रोजाना 8 बजे से 10 बजे तक संत श्री विद्यासागर जी महाराज द्वारा नानी बाई का मायरा का वाचन किया जाएगा। आयोजन के पोस्टर का विमोचन ग्रामीणों द्वारा किया गया।

**सैकड़ों बहन-बेटियों का होगा स्नेहमिलन**

आयोजन समिति के मुरलीधर व हेतराम सारस्वा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह व सुदाम चरित्र धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रभुदयाल व जयनारायण सारस्वा ने बताया कि 9 और 10 मई को बामनवाली गांव की सभी बहन-बेटियों के लिए एक विशेष सम्मेलन रखा गया है, जिसमें सपरिवार शिरकत करने का आग्रह किया गया है। अब तक करीबन 400 से ज्यादा बहन बेटियों ने बामनवाली आने की सहमति दे दी है यह आयोजन अपने आप मे ऐतिहासिक होने वाला है जिसमें कुछ बहनें कई वर्षों के बाद गांव आगमन कर रही है बामनवाली की धरती पर बहन-बेटियों का ये स्नेहपूर्ण मिलन आसपास के गांवों मे भी चर्चा का विषय है। आयोजन समिति से आईदानराम व राजेंद्र सारस्वा ने बताया कि देशभर में जहां भी बामनवाली गांव की बहन-बेटी है तो वह इस आयोजन में सादर आमंत्रित हैं।

# औद्योगिक क्षेत्रों में हों आधारभूत सुविधाएं, विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित



**खबर आस-पास, बीकानेर।** जिला कलक्टर निशांत जैन ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में सभी आधारभूत सुविधाएं हों, इसके लिए रीको और संबंधित विभागों के अधिकारी पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। पानी, बिजली, साफ-सफाई, सीवरेज और सड़क जैसी सुविधाओं के लिए संबंधित विभागों से समन्वय रखा जाए। जिला कलक्टर ने गुरुवार को विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रीको और औद्योगिक इकाईयां भी आपसी समन्वय रखें। औद्योगिक इकाईयों की प्रत्येक वाजिब समस्या का प्राथमिकता से समाधान करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था रखें। समस्त उपलब्ध रोड लाइटें चालू रहें तथा आवश्यकता के अनुसार नई लाइटों के प्रस्ताव सरकार को भेजें। राज्य स्तर पर भिजवाए गए प्रत्येक प्रस्ताव की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। जिला कलक्टर ने औद्योगिक क्षेत्रों सहित समूचे जिले में प्रतिबंधित प्लास्टिक की जब्ती का सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए नगर निगम तथा श्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से साझा अभियान चलाया जाए। खारा औद्योगिक क्षेत्र में एचपीसीएल गैस प्लांट में आने वाले वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए पुलिस, रीको और एचपीसीएल द्वारा संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न औद्योगिक इकाइयों और संगठनों द्वारा प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक श्रीमती मंजू नैण गोदारा, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक श्री एस. पी. शर्मा, बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्री द्वारका प्रसाद पचीसिया, बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के अध्यक्ष श्री जुगल राठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना की बैठक आयोजित**

राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 के तहत जिला स्तरीय कमेटी की बैठक गुरुवार को जिला कलेक्टर श्री निशांत जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती गोदारा ने बताया कि इसमें राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजनान्तर्गत 2024 के मंडी फीस पुनर्भरण के दो प्रकरण, विद्युत कर छूट के दो प्रकरण, निवेश अनुदान के दो प्रकरण, ब्याज अनुदान के दो प्रकरण एवं पूंजीगत अनुदान के दो प्रकरण पात्रतानुसार निर्णय हेतु प्रस्तुत किए गए। इन दो इकाइयों के प्रकरण पर पात्रता का निर्णय करते हुए समिति द्वारा निर्धारित लाभ देने का निर्णय लिया गया। बैठक में वाणिज्य कर विभाग के उपायुक्त श्री गोविंद चौहान, कृषि विपणन बोर्ड से श्री उमेश शर्मा, कोषाधिकारी श्री धीरज जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संपादक सत्येन्द्र राजवंशी के लिए शारदा ऑफसेट, मुख्य डाकघर के पास, कुचिलपुरा, गजनेर रोड, बीकानेर, राजस्थान से मुद्रित एवं वार्ड नं. 01, गोदारा बास, मोमासर, बीकानेर, राजस्थान से प्रकाशित। संपादक- सत्येन्द्र राजवंशी मो. 95875 70001